आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.05.2024 समय : 1850

- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना कर्मियों के लिए तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट के सभागार में आयोजित किया गया।
- खराब मौसम, तेज हवाओं और भारी बारिश को देखते हुए बिजली विभाग ने अपने उपभोक्ताओं से सावधानी बरतने को कहा है।
- स्वराज द्वीप में कल राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।
- खेल और युवा कार्य निदेशालय हॉबी कक्षाओं का आयोजन करेगा।
- द्वीपों के कई भागों में वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना निरीक्षकों, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों और मतगणना के लिए निर्वाचन अधिकारी को सहयोग देने वाले कर्मियों के लिए तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट के सभागार में आयोजित किया गया। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने डीब्रेट का दौरा कर मतगणना कर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने सभी से मतगणना के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण का लाभ उठाने और अच्छी तरह से इससे रूबरू होने को कहा, ताकि मतगणना के दिन न सिर्फ उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न हो सके, बल्कि मतगणना को भी आसानी से पूरा किया जा सके। उन्होंने सभी से पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने को कहा। इससे द्वीपसमूह में मतगणना को पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी और चार जून को सुबह साढ़े आठ बजे से ई वी एम में मतगणना का कार्य आरंभ होगा। पन्द्रह राउंड में मतगणना के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। मतगणना के कार्य से जुड़े सभी लोगों को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में चार जून को सुबह पांच बजे से पहले पहुंचना होगा, क्योंकि मतगणना टीम और टेबल का आवंटन सुबह पांच बजे होगा। स्रोत अधिकारी सोम नायडू ने मतगणना से जुड़े सभी लोगों को उनकी भूमिका से अवगत कराया। मास्टर ट्रेनर एम. पापा राव और उनके सहयोगी डॉ. ए. अब्राहम ने ई वी एम विशेष कर कंट्रोल यूनिट और वी वी पैट मशीन के संचालन की जानकारी दी।

<><><><><><><>

खराब मौसम, तेज हवाओं और भारी बारिश को देखते हुए बिजली विभाग ने अपने उपभोक्ताओं से सावधानी बरतने को कहा है। इस मौसम में ट्रांसमिशन लाईनों के ऊपर पेड़ों के गिरने, लाईनों के टूटकर गिरने या अन्य बिजली से संबंधित घटनाएं हो सकती है। उपभोक्ताओं से ऐसे किसी भी दुर्घटना के बारे में तुरंत अपने नजदीकी साईट कार्यालयों या बिजली विभाग के नियंत्रण कक्ष में निशुल्क नम्बर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक या नजदीकी पुलिस थानों में देने को कहा गया है। आम जनता से दुर्घटना से बचने के लिए टूटे हुए तारों, खंभों के नजदीक न जाने को भी कहा गया है। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मी खराब मौसम में क्षतिग्रस्त लाईनों को ठीक करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जल्द से जल्द बिजली की आपूर्ति बहाल हो सके। विभाग ने आम जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप में कल राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। गोविन्द नगर पंचायत के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस शिविर में दक्षिण अंडमान के एस डी एम विनायक चमाड़िया ने आम जनता की जमीन से जुड़े मामलों को विस्तार से सुना तथा मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया। कुछ मामलों को मौके पर ही सुलझाया गया। एस डी एम द्वारा मौके पर ही राजस्व से जुड़े प्रमाणपत्रों का भी वितरण किया गया। दक्षिण अंडमान के सहायक आयुक्त ने भी गोविन्द नगर के उस क्षेत्र का दौरा किया, जहां मरीन पुलिस के लिए भूमि का आवंटन किया जाना है। इसके अलावा उन्होंने राधानगर में बी.एस.एन.एल के लिए प्रस्तावित भू–आवंटन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई करने को भी कहा।

<><><><><><>

खेल और युवा कार्य निदेशालय हॉबी कक्षाओं का आयोजन करेगा। एथलेटिक्स, आर्चरी, बैडमिन्टन, बास्केट बॉल, फुटबॉल, स्वीमिंग और टेबल टेनिस में आयोजित होने वाले अभिरूचि कक्षाओं के लिए बच्चे अपने नाम सत्ताईस मई से तीस मई के बीच नोडल अधिकारी के कार्यालय में सुबह दस बजे से चार बजे के बीच दर्ज करा सकते हैं। तैराकी में डेढ़ सौ बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा और बच्चों की ऊँचाई चार फीट होना अनिवार्य है।

<><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने पोर्ट ब्लेयर–कोलकाता, पोर्ट ब्लेयर–चेन्नई और पोर्ट ब्लेयर–विशाखापत्तनम के बीच चार्टर्ड फ्लाईट की सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि इन दिनों हवाई किराया आसमान छू रहा है और इससे द्वीपवासियों को भारी असुविधा हो रही है। चुनौती के इस दौर में सांसद ने इन क्षेत्रों में चार्टर्ड विमान सेवा शुरू करने का अनुरोध किया है, ताकि द्वीपवासियों को वाजिब दाम पर टिकट मिल सके।

उधर, सांसद ने उप–राज्यपाल से द्वीपसमूह के लिए दो टग जलयानों की भी व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टग बोट की कमी के कारण जहाजों के बर्थिंग में समस्या आ रही है और इससे जलयानों के साथ–साथ यात्रियों और माल की सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है।

<><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने राउंड बस्ती निवासी मुनिरा बीबी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे इक्यानब्बे वर्ष की थी।

<><><><><><>

पर्यावरण और वन विभाग के सहयोग से ज़िला प्रशासन के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला बाल संरक्षण इकाई द्वारा हाल ही में महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान वन्डूर में बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जैव विविधता के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें प्रकृति के करीब ले जाकर प्रभावशाली तरीके से जैव विविधता का महत्व सिखाना है। भावी पीढ़ियों के लिए जैव विविधता शिक्षा महत्वपूर्ण है और बच्चें इस प्रकिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कार्यक्रम की शुरूआत समुद्री जीव पर ‘‘सीकरेट्स ऑफ डीप’’ नाम लघु फिल्म की स्क्रीनिंग के साथ हुई, जिसमें बच्चों को समुद्र की विभिन्न प्रजातियों, वनस्पतियों, समुद्री जीवों आदि की जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों को संग्रहालय का दौरा कराया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रजातियों को देखने का मौका मिला, जो पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह कार्यक्रम डी एफ ओ, वन्य जीव संदीप दिव्य ज्योति बेहरा की पर्यवेक्षण में की गई।

<><><><><><>

द्वीपों के कई भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पोर्ट ब्लेयर में तिहत्तर दशमलव सात मिलीमीटर, मायाबंदर में साठ दशमलव छः, लांग आइलैंड में इकतालीस दशमलव चार, हटबे में छत्तीस दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सत्रह और कार निकोबार में सोलह दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले पांच दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। समुद्र के काफी अशांत रहने के कारण मछुआरों को सत्ताईस मई या अगली सूचना तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से आयोजित डी सी कप टूर्नामेंट का समापन हो गया है। मायाबंदर के नेताजी खेल परिसर में आयोजित समापन समारोह में ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए समुदायों को व्यस्त रखने के लिए इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से न सिर्फ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि उनके अंदर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए विश्वास भी कायम होता है। बैडमिन्टन, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में डेढ़ सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>